# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी।

पत्रांक प॰नि॰6983/25 दिनांक 02.12.2025

## कार्यालय–ज्ञाप

विश्वविद्यालय परिसर/सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रों द्वारा शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा आवेदनपत्रों के पूरित किये जाने एवं परीक्षाओं के आयोजन के सम्बन्ध में कतिपय जिज्ञासाऐं व्यक्त की जा रहीं हैं। जिसके क्रम में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या प॰नि॰6967/25 दिनांक 29.11.2025 द्वारा शास्त्री तृतीय, पंचम सेमेस्टर तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन दिनांक 29.11.2025 से 10.12.2025 तक पूरित कराये जा रहे है। शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा आवेदन **समर्थ पोर्टल के माध्यम** से पूरित किये जायेगें। विश्वविद्यालय द्वारा निरन्तर समर्थ टीम (शासन स्तर) से संवाद किया जा रहा है। समर्थ टीम द्वारा आश्वासन दिया गया है कि कतिपय तकनीकी बाधाओं का समाधान कर अतिशीघ्र (शास्त्री प्रथम सेमेस्टर एवं आचार्य प्रथम सेमेस्टर) परीक्षा आवेदन पत्र लाइव कर दिया जायेगा। जिसकी सूचना तत्काल समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों, छात्रों को प्रसारित कर दी जायेगी।

अतः सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/प्राचार्यो से अनुरोध है कि वे अपने स्तर से उक्त सूचना से, सम्बन्धित छात्रों को अवगत करा दें एवं अन्तिम तिथि की प्रतिक्षा किये बगैर शास्त्री तृतीय, पंचम सेमेस्टर तथा आचार्य तृतीय सेमेस्टर के लिये परीक्षा आवेदन त्वरित गति से पूरित कराने का कष्ट करें।

02/12/2025

(दिनेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक

**<u>प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>**

1. सचिव कुलपति को, कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. सम्बद्ध महाविद्यालय।
4. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
5. सिस्टम एनालिस्ट, संगणक केन्द्र को उक्त सूचना तत्काल वेबसाइट पर प्रदर्शित कराने हेतु।
6. जनसम्पर्क कार्यालय।
7. सम्बद्ध पत्रावली।

02/12/2025

(दिनेश कुमार)
परीक्षा नियंत्रक